तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	राहुल बिस्सा **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी, उत्तर, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353313627622091	
26/11/25	अपीलार्थी राहुल बिस्सा निवासी 01, जालोरी गेट के अंदर जालप मौहल्ला, बिस्सा की पोल, वार्ड संख्या 27, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर–उत्तर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 14.10.2025 कार्यालय तहसीलदार जिला जोधपुर द्वारा दिनांक 24.09.2025 को पत्र क्रमांक/विविध/2025/राजकाज के माध्यम से रजनी पुरोहित के माध्यम EWS प्रमाण पत्र को खारिज करने बाबत पत्र से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, उत्तर, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, उत्तर, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, उत्तर, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, उत्तर, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.11.26 17:43:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19056981